Adheres to
NATIONAL EDUCATION POLICY
FOUNDATIONAL STAGE

BRILLIANT BOOKS

# व्याकरण सुमन

1



# व्याकरण सुमन

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप

1



अशोक कुमार गुप्ता
एम० ए०

BRILLIANT BOOKS

# विषय-सूची


1. भाषा/बोली ... 03
Language

2. वर्णमाला ... 06
Alphabet

3. मात्राएँ ... 10
Vowel Symbols

4. शब्द और वाक्य ... 13
Word and Sentence

5. नाम-ही-नाम (संज्ञा) ... 17
Naming Words (Noun)

6. पुरुष-स्त्री (लिंग) ... 21
Male and Female (Gender)

7. एक-अनेक (वचन) ... 24
One and Many (Number)

8. सबका नाम (सर्वनाम) ... 27
Names of All (Pronoun)

9. कैसा-कितना (विशेषण) ... 30
Describing Words (Adjective)

10. काम-ही-काम (क्रिया) ... 32
Doing Words (Verbs)

11. गिनती ... 35
Counting

12. समान अर्थ वाले शब्द ... 38
Synonyms

13. उलटे अर्थ वाले शब्द ... 40
Antonyms

14. शब्द-समूह के लिए एक शब्द ... 42
One Word for Many

15. चित्र-वर्णन ... 44
Picture Reading

16. कहो कहानी ... 46
Story Telling

17. लेखन-कार्य : पत्र-लेखन ... 47
Letter Writing

18. निबन्ध लेखन ... 49
Essay Writing

- Periodic Test : Term-1 ... 51
- Half-Yearly Test Paper ... 52
- Periodic Test : Term-2 ... 54
- Annual Test Paper ... 55



BRILLIANT BOOKS™

A-9, झिलमिल इण्डस्ट्रियल एरिया,
दिलशाद गार्डन मेट्रो स्टेशन के पीछे,
दिल्ली-110 095
email : info@brilliantbooks.co.in
www.brilliantbooks.co.in
Tollfree : 1800 270 1317





© प्रकाशकाधीन



कला कार्य
मलय चक्रवर्ती

प्रकाशक एवं मुद्रक
विद्या प्रकाशन मन्दिर प्रा० लि०



इस पुस्तक को यथासम्भव शुद्ध एवं त्रुटिरहित रूप में प्रस्तुत करने का प्रत्येक सम्भव प्रयास किया गया है; फिर भी इसमें कोई कमी अथवा त्रुटि रह गयी हो तो उससे कारित क्षति एवं सन्ताप के लिए लेखक, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक का कोई दायित्व नहीं होगा। प्राप्त सुझावों अथवा त्रुटियों का समायोजन आगामी संस्करण में कर दिया जायेगा।

1

# भाषा / बोली
## Language

भाषा हमारे मन में आई बातों को दूसरों तक पहुँचाने का साधन है। यहाँ तक कि पशु-पक्षी भी अपनी बोलियों द्वारा अपनी बात कहने की कोशिश करते हैं; जैसे—कुत्ता भौंककर, बिल्ली म्याऊँ-म्याऊँ करके और कौआ काँव-काँव करके।




हम भाषा द्वारा दूसरों तक अपनी बात दो तरह से पहुँचाते हैं—

1. बोलकर और 2. लिखकर।

दादी जी मुख से बोलकर अपनी बात/कहानी बच्चों को सुना रही हैं।





बोलते समय हम ध्वनियों का प्रयोग करते हैं। इन ध्वनियों को वर्ण या अक्षर कहते हैं।

बच्चे ध्यानपूर्वक सुनकर दादी जी की बात/कहानी समझ रहे हैं तथा आनन्द उठा रहे हैं।

इन ध्वनियों को लिखा भी जा सकता है।

दूसरी ओर अध्यापिका ब्लैकबोर्ड पर लिखकर बच्चों को अपनी बात समझा रही हैं।




बच्चे पढ़कर अध्यापिका की बात को भली-भाँति समझ रहे हैं। इस प्रकार, हम एक-दूसरे की बात बोलकर, लिखकर, सुनकर और पढ़कर समझ सकते हैं।



## कुछ करके सीखें

1. आप दूसरों तक अपनी बात किस-किस तरह से पहुँचाते हैं?

.................................................. ..................................................

2. नीचे दिए चित्र देखकर बताइए कि बच्चे क्या कर रहे हैं?




..............................................



..............................................



..............................................



..............................................

3. नीचे दिए चित्रों में भाषा का प्रयोग कैसे किया गया है—लिखकर या बोलकर?




........................................




........................................




........................................




........................................




........................................



........................................

4. सही जोड़े मिलाइए—



मेरा प्रयोग करें




रास्ता पार करें

चीं-चीं





म—म—अ—अ

## 2

# वर्णमाला
## Alphabet

मुख से निकलने वाली ध्वनियाँ वर्ण कहलाती हैं।

वर्णमाला में अ, आ··· क, ख, ग··· त, थ··स, ह सब वर्ण हैं।

वर्ण या अक्षर भाषा की सबसे छोटी इकाई होते हैं। इनके और छोटे टुकड़े नहीं हो सकते।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं—1. स्वर और 2. व्यंजन।

### 1. स्वर

हिन्दी भाषा में ग्यारह (11) स्वर होते हैं—




अं (अनुस्वार), अः (विसर्ग) और अँ (चन्द्रबिन्दु या अनुनासिक) ऐसे वर्ण हैं, जो न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन।

**शिक्षकों के लिए**

- बच्चों को बताइए कि प्रत्येक वर्ण से कई चीज़ों के नाम शुरू हो सकते हैं; जैसे—अ से अमरूद, अचकन, अजगर आदि। पहले वर्ण पर ज़ोर देते हुए बच्चों को इसका महत्त्व बताइए और एक वर्ण से शुरू होने वाली कई चीज़ों के नाम ज़ोर से बोलने के लिए प्रोत्साहित कीजिए।
- बच्चों को इस बात के लिए प्रोत्साहित कीजिए कि वे स्वयं अपने आसपास के परिवेश की; एक वर्ण से शुरू होने वाली कई अलग-अलग चीज़ों के नाम बताएँ।

# 2. व्यंजन

हिन्दी भाषा में तेंतीस (33) व्यंजन होते हैं—




ड़ ढ़ क्ष त्र ज्ञ श्र

- ड़ और ढ़ ऐसे वर्ण हैं जो व्यंजन में शामिल कर लिए गए हैं।
- क्ष त्र ज्ञ और श्र ऐसे वर्ण हैं, जो दो वर्णों के मेल से बने हैं। इन्हें संयुक्त व्यंजन कहते हैं।

## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि कहलाती है—

(i) वर्ण या अक्षर (ii) शब्द-समूह

(ख) वर्ण के कितने रूप होते हैं?

(i) चार (ii) दो

(ग) हिन्दी भाषा में कितने स्वर वर्ण होते हैं?

(i) ग्यारह (ii) तेरह

2. चित्र पहचानकर प्रारम्भ का स्वर लिखिए। देखो, कौन किसके पीछे चल रहा है—




3. वर्ण (अक्षर) पढ़िए और सही शीर्षक तक रेखा खींचिए—

औ, द, ओ, श, ल


स्वर वर्ण

व्यंजन वर्ण


घ, आ, च, ए, फ


4. वर्ण के तुरन्त बाद आने वाले वर्ण लिखिए—

(क) 


(ख) 


5. वर्ण के ठीक पहले आने वाले वर्ण लिखिए—

(क) 


(ख) 


6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—


(क) वर्ण या अक्षर किसे कहते हैं?

(ख) वर्ण के रूपों के नाम लिखिए।

(ग) व्यंजन वर्णों की संख्या बताइए।

(घ) संयुक्त व्यंजन लिखिए।

7. वर्णमाला के अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए और फिर पंखों में लिखे वर्णों को पढ़िए—




**शिक्षकों के लिए**

कक्षा को समूहों में बाँटकर भी यह गतिविधि करवाई जा सकती है। इससे वर्णों का ज्ञान सुदृढ़ होता है।

# 3 मात्राएँ
## Vowel Symbols

व्यंजन और स्वर के मेल से स्वर का रूप बदल जाता है। स्वर का यह रूप (चिह्न) **मात्रा** कहलाता है। स्वरों की मात्रा का प्रयोग व्यंजनों के साथ ही करते हैं।

'अ' को छोड़कर प्रत्येक स्वर की मात्रा की जानकारी के लिए नीचे दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक पढ़िए—

| स्वर | मात्रा | मात्राएँ जोड़ना | प्रयोग |
|---|---|---|---|
| अ | — | क् + अ क | कलम |
| आ | ा | क् + आ (क + ा) का | काला |
| इ | ि | क् + इ (क + ि) कि | किला |
| ई | ी | क् + ई (क + ी) की | कील |
| उ | ु | क् + उ (क + ु) कु | कुल |
| ऊ | ू | क् + ऊ (क + ू) कू | कूप |
| ऋ | ृ | क् + ऋ (क + ृ) कृ | कृपा |
| ए | े | क् + ए (क + े) के | केला |
| ऐ | ै | क् + ऐ (क + ै) कै | कैमरा |
| ओ | ो | क् + ओ (क + ो) को | कोमल |
| औ | ौ | क् + औ (क + ौ) कौ | कौशल |

### याद रखिए

- 'अ' की मात्रा नहीं होती बल्कि प्रत्येक व्यंजन में 'अ' की ध्वनि जुड़ी होती है; जैसे—क = क् + अ। 'क्' में क् के नीचे लगा यह चिह्न हलन्त ( ् ) कहलाता है, जो स्वरध्वनि रहित व्यंजन के नीचे लगाया जाता है।
- ऋ को रि की तरह बोलते हैं। ऋ एक स्वर है। ऋ की मात्रा ( ृ ) लगती है।
- मात्राओं का चिह्न स्वरध्वनि रहित व्यंजन के साथ ही जुड़ता है; जैसे—क् + आ = का (क + आ नहीं)।

मात्राओं की तालिका से स्पष्ट हो जाता है कि व्यंजनों पर मात्राएँ निम्नलिखित प्रकार से लगाई जाती हैं—

- आ, ई, ओ और औ की मात्राएँ व्यंजन के बाद लगती हैं; जैसे—

  क् + आ = का, क् + ई = की, क् + ओ = को, क् + औ = कौ

- इ की मात्रा व्यंजन के पहले लगती है; जैसे—

  क् + इ = कि, ख् + इ = खि

- ए और ऐ की मात्राएँ व्यंजन के ऊपर लगती हैं; जैसे—

  क् + ए = के, ख् + ए = खे, क् + ऐ = कै, ख् + ऐ = खै

- उ, ऊ, ऋ की मात्राएँ व्यंजन के नीचे लगती हैं; जैसे—

  क् + उ = कु, क् + ऊ = कू, क् + ऋ = कृ, त् + ऋ = तृ

- 'र' पर 'उ' की मात्रा ( ु ) और 'ऊ' की मात्रा ( ू ) आगे लगती हैं; जैसे—

  र् + उ = रु, र् + ऊ = रू

- अनुस्वार (अं) का चिह्न ( ं ) वर्ण के ऊपर लगता है; जैसे—कं।
- चन्द्र + बिन्दु ( ँ ) का प्रयोग भी वर्ण के ऊपर किया जाता है; जैसे—कँ।
- 'अः' के चिह्न (ः) का प्रयोग वर्ण के आगे किया जाता है; जैसे—कः।

अधिक जानकारी के लिए मात्राओं के अन्य प्रयोग **देखिए—**


कार


हिरन



घड़ी


कछुआ


फूल


वृक्ष


शेर


बैल


जोकर


कौआ


हंस


ऊँट


**शिक्षकों के लिए**

बच्चों को ' ं ' तथा ' ँ ' वाले शब्द बोलकर अन्तर समझाइए। ' ं ' बिन्दु का उच्चारण करते समय हवा नाक से बाहर निकलती है। ' ँ ' चन्द्रबिन्दु का उच्चारण करते समय हवा नाक और मुँह दोनों से बाहर निकलती है।



## कुछ करके सीखें

1. इन चित्रों को देखिए और मात्रा लगाकर शब्द पूरे कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| सरज | क ···· आ | घड़ ···· | ···· रल |
|  |  |  |  |
| ···· थला | ग ···· य | गलाब | म ···· र |

2. नीचे लिखे शब्दों के वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए—


हिमालय = ······ ह् + इ + म् + आ + ल् + अ + य् + अ ······


सैनिक = ..................................................................


खरगोश = ..................................................................


पपीता = ..................................................................

3. चित्रों को देखकर खाली स्थान भरिए—



ह् + आ + थ् + ई = ..............................

ग् + उ + ल् + आ + ब् + अ = ..............................




4. अनुस्वार (ं) या चन्द्रबिन्दु (ँ) लगाकर शब्द बनाइए—

रग पाव अक पख जगल चाद मजन हस


# 4 शब्द और वाक्य
## Word and Sentence

### शब्द

वर्णमाला के वर्णों को मिलाकर शब्द बनाए जाते हैं। प्रत्येक शब्द का कोई-न-कोई अर्थ होता है। इस प्रकार, वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।



क म ल



क ल म



ल क म

ल क म का कोई अर्थ नहीं है। इसलिए शब्द बनाते समय सही वर्णों का सही स्थान पर ही प्रयोग किया जाना चाहिए।

आओ देखें, शब्द कैसे बनते हैं?


#### दो वर्ण वाले शब्द



घ + र



ब + स



र + थ


#### तीन वर्ण वाले शब्द



हि + र + न




चि + ड़ि + या



गु + ला + ब

#### चार वर्ण वाले शब्द



क + बू + त + र



सा + इ + कि + ल



फु + ट + बॉ + ल

# वाक्य

शब्दों को जोड़कर वाक्य बनाए जाते हैं, किन्तु वाक्य बनाते समय शब्दों का सही जगह पर प्रयोग करना आवश्यक है; जैसे—

* मैं घर जा रहा हूँ। (सही)
* मैं रहा हूँ जा घर। (गलत)

जबकि दोनों वाक्यों में एकसमान शब्दों का प्रयोग किया गया है।

**आओ देखें, वाक्य कैसे बनते हैं?**



सचिन + खेल + रहा + है

सचिन खेल रहा है।




बच्चे + पढ़ + रहे + हैं

बच्चे पढ़ रहे हैं।




रेनू + गीत + गा + रही + है

रेनू गीत गा रही है।



मछली + तालाब + में + तैर + रही + है

मछली तालाब में तैर रही है।



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) शब्द किसे कहते हैं?

(i) वर्णों के समूह को ◯ (ii) शब्दों के समूह को ◯




(ख) किन्हें जोड़कर वाक्य बनाए जाते हैं?

(i) वर्णों को ◯ (ii) शब्दों को ◯

(ग) 'र' एवं 'थ' वर्णों के मेल से कौन-सा शब्द बनेगा?

(i) थर ◯ (ii) रथ ◯

2. चित्र देखकर सही व्यंजन से शब्द पूरे कीजिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| श ..... जम | न ..... | गुला ..... | ब ..... तन |
| (च, ल, प, ट) | (क, च, ल, ग) | (व, य, ग, ब) | (र, ब, क, ट) |

3. शब्दों के शुद्ध रूपों को छाँटकर सामने लिखिए—

| शब्द | शुद्ध रूप | शब्द | शुद्ध रूप |
|---|---|---|---|
| रशमि, रश्मि | रश्मि | बहूत, बहुत | |
| विद्या, वीद्या | | कृषक, क्रिषक | |
| रमेष, रमेश | | विशवास, विश्वास | |
| जादुगर, जादूगर | | दवाइयाँ, दवाईयाँ | |
| कीमती, किमती | | वृद्ध, व्रद्ध | |

4. किसी भी व्याकरण की पुस्तक की सहायता से दो-दो शब्द अनुस्वार (ं), अनुनासिक (ँ) तथा विसर्ग (:) लगाकर लिखिए—

अनुस्वार (ं) — ........................................ ........................................

अनुनासिक ( ँ ) — .............................. ..............................

विसर्ग ( : ) — .............................. ..............................

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(क) कितने स्वरों के मात्रा-चिह्न होते हैं?

(ख) मात्रा किसे कहते हैं?

(ग) शब्द किनके मेल से बनते हैं?

6. नीचे कुछ शब्द आपस में मिल गए हैं। उन्हें अलग-अलग करके कुछ रोचक वाक्य बनाइए—

कक्षा, में, पहली, मैदान खेल, सीमा है, रहा, पढ़ती, में रमन, है

(क) ..............................................................................

(ख) ..............................................................................

7. वर्णों को जोड़कर नए शब्द बनाइए—

ति, बि — ल — ..तिल.. / ............

म — ग, ट — र — ............ / ............

ब, र — स — ............ / ............

जं, मं — गल — ............ / ............



8. नए शब्द बनाइए—

छात्र + ताला — ..छाता..

मेला + जहाज़ — ............

किरन + केला — ............

5

# नाम-ही-नाम (संज्ञा)
## Naming Words (Noun)

संसार में प्रत्येक व्यक्ति, स्थान और वस्तु का कोई-न-कोई नाम होता है। बिना नाम के कोई नहीं होता। नाम को ही संज्ञा कहा जाता है।

व्यक्तियों के नाम—



लड़का



औरत



आदमी


लड़की

पशुओं के नाम—



गाय



ऊँट



बन्दर



कुत्ता

पक्षियों के नाम—


तोता


कौआ



गौरेया



कबूतर

स्थानों के नाम—


चिड़ियाघर


पार्क


ताजमहल




कक्षा

शरीर के अंगों के नाम—



पैर



हाथ


कान



नाखून

फलों के नाम—



सेब


केला


आम


अंगूर

सब्ज़ियों के नाम—


मटर


गोभी


गाजर


बैंगन

फूलों के नाम—



गुलाब



चमेली


सूरजमुखी



गेंदा

यातायात के साधनों के नाम—


बस


कार


रिक्शा


साइकिल


वस्तुओं के नाम—



पेन




पुस्तक



कुरसी



घड़ी

प्रत्येक व्यक्ति, पशु-पक्षी, स्थान और वस्तु की पहचान नाम से ही होती है। हम सबको नाम से बुलाते हैं। आपका नाम भी एक संज्ञा है।




## कुछ करके सीखें

1. तुम्हारे घर के आसपास जो स्थान हों, उन पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—













2. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) संज्ञा शब्द कहलाते हैं—

(i) काम वाले शब्द ◯ (ii) नाम वाले शब्द ◯

(ख) निकिता, ईशान, शौर्य—ये नाम हैं—

(i) वस्तुओं के ◯ (ii) व्यक्तियों के ◯

(ग) निम्नलिखित में से पक्षी का नाम है—

(i) तोता ◯ (ii) ऊँट ◯

(घ) गुलाब, आँख, पुस्तक—इन शब्दों को क्या कहेंगे?

(i) संज्ञा ◯ (ii) क्रिया ◯

**शिक्षकों के लिए**

बच्चों को बताइए कि प्रत्येक स्थान का एक नाम होता है। नाम के अन्य उदाहरण भी दीजिए।

3. पुस्तक में लिखे नामों को सही जगह पर लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| तोता | सोफ़ा | रजत | अंगूर |
| टमाटर | भालू | मानसी | हंस |
| कमल | सन्तरा | किताब | शिमला |
| चीता | आगरा | गुलाब | गाजर |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| व्यक्ति — | ……रजत…… | ……मानसी…… | पशु — | ……………… | ……………… |
| पक्षी — | ……………… | ……………… | फल — | ……………… | ……………… |
| फूल — | ……………… | ……………… | सब्ज़ी — | ……………… | ……………… |
| स्थान — | ……………… | ……………… | वस्तु — | ……………… | ……………… |

4. नीचे चित्र में दिखाए गए बच्चों के नाम अपनी पसन्द से लिखिए—



……………… ……………… ……………… ……………… ………………

सोचिए, यदि नाम नहीं होते तो हम एक-दूसरे को कैसे बुलाते?

6

# पुरुष-स्त्री (लिंग)

## Male and Female (Gender)

नाम के द्वारा पुरुष और स्त्री जाति का पता चलना ही लिंग कहलाता है।



लिंग

पुल्लिंग/पुरुष — लड़का




स्त्रीलिंग/स्त्री — लड़की




यहाँ 'लड़का' शब्द से पता चलता है कि यह पुरुष (पुल्लिंग) के लिए है और 'लड़की' शब्द स्त्री (स्त्रीलिंग) के लिए है।

इनके अतिरिक्त और भी अनेक शब्द हैं, जो हमें यह बताते हैं कि वे पुल्लिंग हैं या स्त्रीलिंग।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
|  पिता |  माता |
|  दादा |  दादी |
|  राजा |  रानी |

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
|  बैल |  गाय |
|  शेर |  शेरनी |
|  मुरगा |  मुरगी |



अध्यापक



अध्यापिका



मोर



मोरनी

इस प्रकार, लिंग की पहचान दो रूपों में होती है—पुरुष (पुल्लिग) और स्त्री (स्त्रीलिंग)।

नीचे दिए गए पुल्लिग और स्त्रीलिंग शब्दों को भी याद कीजिए—

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| घोड़ा | घोड़ी |
| हाथी | हथिनी |
| पति | पत्नी |
| चाचा | चाची |
| नाना | नानी |
| मामा | मामी |
| बेटा | बेटी |

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| धोबी | धोबिन |
| बालक | बालिका |
| हिरन | हिरनी |
| नौकर | नौकरानी |
| बूढ़ा | बुढ़िया |
| गुड्डा | गुड़िया |
| चूहा | चुहिया |



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) लिंग कहलाता है—

(i) संज्ञा शब्दों द्वारा उनकी संख्या का ज्ञान होना ◯

(ii) संज्ञा शब्दों द्वारा पुरुष व स्त्री जाति का ज्ञान होना ◯


(ख) इनमें से कौन-सा शब्द पुल्लिग है?

(i) हिरन ◯ (ii) गिलहरी ◯

(ग) "गाय हमें दूध देती है।"—इस वाक्य में 'गाय' लिंग का कौन-सा रूप है?

(i) पुल्लिग ◯ (ii) स्त्रीलिंग ◯

2. रंगीन पेन्सिल से जोड़े मिलाइए और नाम लिखिए—


..................



अध्यापक


..................


धोबी


..................


..................


कबूतरी


बालिका

3. मैं लड़का तो लड़की कौन?



| | |
|---|---|
| बेटा | ........बेटी........ |
| चाचा | .............................. |
| मौसा | .............................. |
| भाई | .............................. |



4. यहाँ कुछ शब्द दिए गए हैं। आप पुल्लिग शब्दों के खाने में **नीला रंग तथा स्त्रीलिंग** शब्दों के खाने में हरा रंग भरिए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | मोर ☐ | आदमी ☐ | दादी ☐ | दुल्हन ☐ |
| (ख) | अध्यापक ☐ | कुम्हार ☐ | सेठानी ☐ | मोरनी ☐ |
| (ग) | गाय ☐ | बाघ ☐ | बाघिन ☐ | बैल ☐ |
| (घ) | चुहिया ☐ | बुढ़िया ☐ | मुरगा ☐ | युवक ☐ |
| (ङ) | गुड्डा ☐ | बहन ☐ | भाई ☐ | धोबिन ☐ |

# 7

# एक-अनेक (वचन)
## One and Many (Number)


संज्ञा शब्द उसके एक या अनेक होने का बोध कराते हैं। जब उसकी संख्या एक से अधिक होती है तब वे अनेक कहलाती हैं। संज्ञा शब्द के एक या अनेक रूप को वचन कहते हैं। एक वस्तु एकवचन तथा अनेक वस्तुएँ बहुवचन कहलाती हैं।



**एक (एकवचन)** — **अनेक (बहुवचन)**


घोड़ा  — घोड़े 

पुस्तक  — पुस्तकें 


लड़की  — लड़कियाँ 

खिलौना  — खिलौने 

पेन्सिल  — पेन्सिलें 

तितली  — तितलियाँ 

एक से अनेक होने पर संज्ञा शब्दों के रूप बदल जाते हैं।

**शिक्षकों के लिए**

बच्चों को बताइए कि नाम या संज्ञा एक या अनेक होते हैं। उनको वचन का अभ्यास पुस्तक, पेन्सिल आदि गिनवाकर कराइए। एक और अनेक को खेल द्वारा भी समझाइए।



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) मछलियों का एकवचन क्या होगा?

(i) मछली ◯ (ii) मछलियाँ ◯


(ख) "शेर घात लगाए बैठे हैं।"—इस वाक्य में शेर किस वचन में है?

(i) एकवचन ◯ (ii) बहुवचन ◯

(ग) "चिड़िया दाना चुग रही है।"—इस वाक्य में चिड़िया शब्द का वचन है—

(i) एकवचन ◯ (ii) बहुवचन ◯


2. 'एक' या 'अनेक' पहचानकर लिखिए—





..............................



..............................



..............................



..............................



..............................




..............................


3. रिक्त स्थान भरिए—


(क) एक वस्तु को .................... कहते हैं।

(ख) अनेक वस्तुओं को .................... कहते हैं।


4. एक को अनेक से मिलाइए और सही शब्द लिखिए—









एक पेन्सिल | एक बाजा | एक चाबी







पाँच .................. | चार ···पेन्सिलें··· | तीन ..................

5. समझकर लिखिए—




झंडा ···झंडे·······



गाड़ी ···गाड़ियाँ···




सन्तरा ..................



मछली ..................



गुब्बारा ..................



चींटी ..................

8

# सबका नाम (सर्वनाम)
## Names of All (Pronoun)

सबके अपने-अपने नाम होते हैं। फिर भी कुछ ऐसे शब्द हैं जो सबके लिए बोले जा सकते हैं। इन्हें सर्वनाम कहते हैं।

नीचे दिए गए चित्रों और उनमें की गई बातचीत से यह कथन स्पष्ट हो जाता है—




कुछ शब्द (सर्वनाम); जैसे—तुम, मैं, हमने, अपना, यह, वह, मेरा, आप, मेरे आदि सबके लिए बोले जा सकते हैं। बार-बार नाम न बोलना पड़े इसलिए इनका प्रयोग किया जाता है।

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं।

इस प्रकार, स्पष्ट हो जाता है कि नाम की जगह भी हम कुछ शब्द (सर्वनाम) प्रयोग कर सकते हैं। अपने लिए मैं, हम; सुनने वालों के लिए तुम, आप; दूसरों के लिए जो पास हैं यह, ये और जो पास नहीं हैं उनके लिए वह, वे का प्रयोग होता है। इन्हें विस्तार से हम इस प्रकार दर्शा सकते हैं—

अपने लिए—

- मैं → मुझे, मेरा
- हम → हमें, हमारा

सुनने वालों के लिए—

- (छोटों के लिए) तुम → तुम्हें, तुम्हारा
- (बड़ों के लिए) आप → आपने, आपका

दूसरों के लिए—

- (दूर होने पर) वह → उसे, उसका
- वे → उन्हें, उनका
- (पास होने पर) यह → इसे, इसका
- ये → इन्हें, इनका



## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) जो शब्द संज्ञा (नाम) शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें कहते हैं—

(i) विशेषण ◯ (ii) सर्वनाम ◯

(ख) बड़ों के लिए सदैव कौन-सा सर्वनाम शब्द प्रयोग किया जाता है?

(i) तुम ◯ (ii) आप ◯

(ग) "मैं पुस्तक पढ़ रहा हूँ।"—इस वाक्य में सर्वनाम शब्द है—

(i) पुस्तक ◯ (ii) मैं ◯

(घ) "वे कितनी सुन्दर तितलियाँ हैं।"—इस वाक्य में 'वे' शब्द है?

(i) सर्वनाम ⬭ (ii) कर्त्ता ⬭

2. अपने लिए आप किन सर्वनामों का प्रयोग करते हैं? लिखिए।

3. नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए—

(क) आप खाना खा लीजिए।

(ख) वह गीत गा रही है।

(ग) हम साथ-साथ खेलने जाते हैं।

(घ) निकिता उसे पढ़ाएगी।

(ङ) तुम सुबह जल्दी उठा करो।




4. नीचे दिए गए शब्दों में से सर्वनाम शब्द चुनकर लिखिए—

.......................

.......................


.......................

.......................

.......................

.......................

.......................




5. उचित सर्वनाम से वाक्य पूरे कीजिए—

(क) .............. प्रतिदिन विद्यालय जाता हूँ। (हम, तुम, वह, मैं)

(ख) .............. घूमना अच्छा लगता है। (वह, वे, उसे, मैं)

(ग) .............. दो मित्र हैं। (मैं, वह, तू, उसके)

(घ) .............. सब मिलकर खेलते भी हैं। (हम, तुम, उसे, वह)

(ङ) .............. आपस में कभी लड़ाई नहीं करते। (वे, उसका, यह, वह)

# 9 कैसा-कितना (विशेषण)
## Describing Words (Adjective)

सभी नाम-शब्दों की कोई-न-कोई विशेषता होती है। जो शब्द उन नाम-शब्दों के बारे में बताते हैं कि वे कैसे या कितने हैं? उन्हें विशेषण कहते हैं।


**कैसा** | **कितना**

कैसा हाथी




काला हाथी
बड़ा हाथी
मोटा हाथी

कैसे फूल



लाल फूल
नीले फूल
सुन्दर फूल

कितनी मछलियाँ



तीन मछलियाँ

कितने गुब्बारे



चार गुब्बारे

चीज़ (वस्तु) कैसी है? कितनी है? यह बताने वाले शब्द ही उसकी विशेषता या गुण कहलाते हैं।



### कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) जो शब्द प्राणी और वस्तुओं की विशेषता बताते हैं, उन्हें कहते हैं—
(i) विशेषण ◯ (ii) सर्वनाम ◯

(ख) "रंग-बिरंगी तितली"—इसमें कौन-सा शब्द विशेषण है?
(i) तितली ◯ (ii) रंग-बिरंगी ◯

(ग) "गेंद का आकार गोल होता है।"—इसमें कौन-सा शब्द विशेषण है?
(i) आकार ◯ (ii) गोल ◯

2. कौन कैसा होता है? इनके रंग लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| कौआ | ......काला...... | कोयला | ........................ |
| दूध | ........................ | सेब | ........................ |
| तोता | ........................ | पत्ता | ........................ |
| अनार | ........................ | पपीता | ........................ |

लाल
पीला
हरा
काला
सफ़ेद

3. इनके स्वाद लिखिए—

(क) लड्डू, बरफी, पेड़ा ........................

(ख) इमली, नींबू, कच्चा आम ........................


(ग) करेला, नीम की पत्ती ........................

(घ) इडली, डोसा, समोसा ........................


(ङ) हरी मिर्च, लाल मिर्च ........................

खट्टा
नमकीन
कड़वा
तीखा
मीठा


4. भारी/बड़ी चीज़ पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—



5. हल्की/छोटी चीज़ पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—





6. कितने—दो, तीन या चार?



सेब



कुरसियाँ



पक्षी

# 10

# काम-ही-काम (क्रिया)
## Doing Words (Verb)

सभी लोग कुछ-न-कुछ करते हैं—यही काम है। इसे ही क्रिया कहते हैं। क्रिया शब्द से किसी काम के करने या होने का पता चलता है।


नीचे दिए गए चित्रों में सभी कुछ-न-कुछ काम कर रहे हैं—




काम बताने वाले कुछ अन्य शब्द पढ़िए, समझिए और याद कीजिए—




गाना नहाना दौड़ना हँसना खेलना




सुनना बैठना चलना लिखना सोना

सभी बच्चों को सुबह स्कूल जाने तक ढेर सारे काम करने पड़ते हैं; जैसे—

जागना → पैर छूना → शौच करना → दाँत साफ़ करना → नहाना → नाखून काटना → कंघी करना → कपड़े पहनना → नाश्ता करना → स्कूल जाना

स्कूल जाने से पहले आप क्या-क्या करते हो? कोई पाँच काम लिखिए।

.............................. .............................. ..............................

.............................. ..............................

स्कूल से लौटने पर भी काम का सिलसिला चलता रहता है।

पढ़ने, खेलने और खाने के अलावा आप और कौन-कौन से काम करते हो? कोई चार काम लिखिए।

.............................. .............................. .............................. ..............................

## कुछ करके सीखें

1. सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

(क) जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का बोध हो, उसे कहते हैं—

(i) विशेषण ⬭ (ii) क्रिया ⬭

(ख) "अध्यापिका गणित पढ़ाती हैं।" —इस वाक्य में क्रिया शब्द है—

(i) गणित ⬭ (ii) पढ़ाती ⬭

(ग) "धोबी कपड़े धोता है।" —इस वाक्य में क्रिया शब्द है—

(i) धोता है ◯ (ii) धोबी ◯

(घ) "निकिता गीत गा रही है।" —इस वाक्य में क्रिया शब्द है—

(i) गीत ◯ (ii) गा रही है ◯

2. क्रिया शब्दों पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गाना | ☐ | काला | ☐ | मीना | ☐ | पढ़ना | ☐ |
| साँप | ☐ | सोना | ☐ | रोना | ☐ | पीना | ☐ |
| बिल्ली | ☐ | नाचना | ☐ | देखना | ☐ | सुन्दर | ☐ |
| मारना | ☐ | जागना | ☐ | नाव | ☐ | खेलना | ☐ |

3. आप स्कूल में क्या करते हैं, क्या नहीं? सही (✓) या गलत (✗) का चिह्न लगाइए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| नहाना | ☐ | लिखना | ☐ |
| पढ़ना | ☐ | टेलीफ़ोन करना | ☐ |

4. कौन क्या कर रहा है? बताइए—








.................................... .................................... ....................................








.................................... .................................... ....................................


# गिनती
## Counting

कविता पढ़िए और याद कीजिए—

एक बड़े राजा की बेटी,
दो दिन से बिस्तर पर लेटी।
तीन डॉक्टर देखने आए,
चार दवा की पुड़िया लाए।
पाँच घंटे में घोल दवाई,
छः घंटे के बाद पिलाई।
सात बजे तब आँखें खोलीं,
आठ बजे वह माँ से बोली।
नौ बजे पी दूध-मलाई,
दस बजते ही दौड़ लगाई।



| | एक | दो | तीन | चार | पाँच | छः | सात | आठ | नौ | दस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिन्दी अंक | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
| अंग्रेज़ी अंक | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |



दस के बाद—

11—ग्यारह 12—बारह 13—तेरह 14—चौदह 15—पन्द्रह
16—सोलह 17—सत्तरह 18—अठारह 19—उन्नीस 20—बीस

**याद रखिए**

अंग्रेज़ी अंकों का प्रचलन अधिक होने के कारण आगे उन्हीं अंकों का प्रयोग किया गया है। बच्चे हिन्दी में लिखने का स्वयं अभ्यास करें।

## बीस के बाद—

| | |
|---|---|
| 21 | इक्कीस |
| 22 | बाईस |
| 23 | तेईस |
| 24 | चौबीस |
| 25 | पच्चीस |
| 26 | छब्बीस |
| 27 | सत्ताईस |
| 28 | अट्ठाईस |
| 29 | उनतीस |
| 30 | तीस |
| 31 | इकतीस |
| 32 | बत्तीस |
| 33 | तेंतीस |
| 34 | चौंतीस |
| 35 | पैंतीस |
| 36 | छत्तीस |
| 37 | सैंतीस |
| 38 | अड़तीस |
| 39 | उनतालीस |
| 40 | चालीस |
| 41 | इकतालीस |
| 42 | बयालीस |
| 43 | तेंतालीस |
| 44 | चौवालीस |
| 45 | पैंतालीस |
| 46 | छियालीस |
| 47 | सैंतालीस |
| 48 | अड़तालीस |
| 49 | उनचास |
| 50 | पचास |
| 51 | इक्यावन |
| 52 | बावन |
| 53 | तिरपन |
| 54 | चौवन |
| 55 | पचपन |
| 56 | छप्पन |
| 57 | सत्तावन |
| 58 | अट्ठावन |
| 59 | उनसठ |
| 60 | साठ |
| 61 | इकसठ |
| 62 | बासठ |
| 63 | तिरसठ |
| 64 | चौंसठ |
| 65 | पैंसठ |
| 66 | छियासठ |
| 67 | सड़सठ |
| 68 | अड़सठ |
| 69 | उनहत्तर |
| 70 | सत्तर |
| 71 | इकहत्तर |
| 72 | बहत्तर |
| 73 | तिहत्तर |
| 74 | चौहत्तर |
| 75 | पचहत्तर |
| 76 | छिहत्तर |
| 77 | सतहत्तर |
| 78 | अठहत्तर |
| 79 | उन्नासी |
| 80 | अस्सी |
| 81 | इक्यासी |
| 82 | बयासी |
| 83 | तिरासी |
| 84 | चौरासी |
| 85 | पचासी |
| 86 | छियासी |
| 87 | सत्तासी |
| 88 | अट्ठासी |
| 89 | नवासी |
| 90 | नब्बे |
| 91 | इक्यानबे |
| 92 | बानबे |
| 93 | तिरानबे |
| 94 | चौरानबे |
| 95 | पंचानबे |
| 96 | छियानबे |
| 97 | सत्तानबे |
| 98 | अट्ठानबे |
| 99 | निन्यानबे |
| 100 | सौ |





## कुछ करके सीखें

निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी अंकों में लिखिए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | | 21 | |
| 2 | | 7 | | 30 | |
| 3 | | 8 | | 43 | |
| 4 | | 9 | | 58 | |

निम्नलिखित संख्याओं को शब्दों में लिखिए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | .......................... | 64 | .......................... | 14 | .......................... |
| 32 | .......................... | 21 | .......................... | 25 | .......................... |
| 29 | .......................... | 86 | .......................... | 35 | .......................... |

निम्नलिखित संख्याओं को अंकों में लिखिए—

| संख्या | हिन्दी अंक | अंग्रेज़ी अंक |
|---|---|---|
| नौ | ............... | ............... |
| पन्द्रह | ............... | ............... |
| सत्ताईस | ............... | ............... |
| पैंतालीस | ............... | ............... |

| संख्या | हिन्दी अंक | अंग्रेज़ी अंक |
|---|---|---|
| बाईस | ............... | ............... |
| तिरसठ | ............... | ............... |
| इक्यानबे | ............... | ............... |
| बयासी | ............... | ............... |

निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए—

(क) हमारे .......................... हाथ हैं।

(ख) हमारे एक हाथ में .......................... उँगलियाँ और .......................... अँगूठा है।

(ग) मैं सुबह .......................... बजे उठता/उठती हूँ।


(घ) .......................... चिड़ियों में से एक चिड़िया उड़ गई तो बाकी बचीं ग्यारह।

(ङ) .......................... के बाद बीस होता है।

# 12 समान अर्थ वाले शब्द
Synonyms

देखिए, पढ़िए और समझिए—







प्रत्येक चित्र के तीन-तीन शब्द दिए गए हैं। तीनों शब्दों के अर्थ समान हैं। जो शब्द समान अर्थ वाले होते हैं, उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं। उन्हें समानार्थक शब्द भी कहते हैं।

यहाँ कुछ शब्दों के पर्यायवाची दिए जा रहे हैं। इन्हें अच्छी तरह याद कीजिए—

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| आँख | नयन, चक्षु, नेत्र। |
| आकाश | नभ, गगन, आसमान। |
| आग | अग्नि, अनल, पावक। |
| चाँद | सोम, शशि, चन्द्रमा। |
| दिन | वार, वासर, दिवस। |
| बेटा | पुत्र, सुत, आत्मज। |
| पहाड़ | शैल, गिरि, पर्वत। |
| राजा | नृप, नरेश, भूप। |
| मित्र | सखा, मीत, साथी। |
| हवा | वायु, अनिल, समीर। |
| घोड़ा | अश्व, बाजि, तुरंग। |





## कुछ करके सीखें





1. प्रत्येक पंक्ति में जो शब्द समान अर्थ वाले नहीं हैं, उन पर ✗ का चिह्न लगाइए—

| | | |
|---|---|---|
| नयन ☐ | चक्षु ☐ | नभ ☐ |
| भू ☐ | पुष्प ☐ | धरा ☐ |
| शिक्षक ☐ | मित्र ☐ | मीत ☐ |
| चाँद ☐ | वार ☐ | शशि ☐ |
| पक्षी ☐ | विहंग ☐ | केसरी ☐ |

2. पर्यायवाची शब्दों का मिलान कीजिए—

| | | |
|---|---|---|
| (क) आँख | वारि | दिवस |
| (ख) दिन | चक्षु | जल |
| (ग) पानी | शेर | पुत्री |
| (घ) बेटी | वार | केसरी |
| (ङ) सिंह | सुता | नेत्र |

3. प्रत्येक चित्र के दो-दो नाम लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... | .................... |

4. सही शब्द छाँटकर खाली स्थान भरिए—

(क) शेर को .................... भी कहा जाता है।

(ख) .................... को पृथ्वी भी कहते हैं।

(ग) पुत्र और ...................., दोनों का अर्थ एक ही है।

(घ) .................... और पर्वत में कोई भेद नहीं है।


(ङ) जो भूप का अर्थ है, वही .................... का है।

नरेश
सुत
वनराज
शैल
धरा

13

# उलटे अर्थ वाले शब्द
## Antonyms

देखिए, पढ़िए और समझिए—




ऊपर—नीचे



अन्दर—बाहर



गरम—ठण्डा



रात—दिन

चित्रों के नीचे लिखे शब्द एक-दूसरे से उलटा अर्थ बताते हैं।

जो शब्द एक-दूसरे से ठीक उलटा अर्थ बताते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

विलोम शब्दों को विपरीतार्थक शब्द भी कहा जाता है।

यहाँ कुछ शब्द और उनके विलोम शब्द दिए गए हैं। इन्हें अच्छी तरह से याद कर लीजिए—

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अच्छा | बुरा |
| आगे | पीछे |
| असली | नकली |
| अन्दर | बाहर |
| उधार | नकद |
| ऊपर | नीचे |
| जीत | हार |
| छोटा | बड़ा |
| देना | लेना |

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अपना | पराया |
| आज | कल |
| सत्य | असत्य |
| खट्टा | मीठा |
| रोना | हँसना |
| दिन | रात |
| छाया | धूप |
| झूठ | सच |
| प्रकाश | अन्धकार |



## कुछ करके सीखें

1. नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द के सामने ✓ का चिह्न लगाइए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | दिन | — | सुबह ☐ | रात ☐ | शाम ☐ |
| (ख) | आगे | — | पीछे ☐ | सामने ☐ | ऊपर ☐ |
| (ग) | अच्छा | — | सुन्दर ☐ | बुरा ☐ | गन्दा ☐ |
| (घ) | दूर | — | बाहर ☐ | इधर ☐ | पास ☐ |
| (ङ) | गरमी | — | सरदी ☐ | ठण्डा ☐ | नरम ☐ |

2. विलोम शब्दों का मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| (क) गरम | (i) हार |
| (ख) सुख | (ii) लेना |
| (ग) जीत | (iii) ठण्डा |
| (घ) देना | (iv) मीठा |
| (ङ) खट्टा | (v) दुःख |



3. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर खाली स्थान भरिए—

(क) आज नकद, कल ..............................।

(ख) वह आज नहीं, .............................. आएगा।

(ग) सुख हो या .............................., सदा खुश रहो।

(घ) बुराई के बदले में .............................. करो।



4. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्यों को फिर से लिखिए—

(क) रवि अपने भाई के आगे बैठा है। ..............................

(ख) घर के बाहर प्रकाश था। ..............................

(ग) कल हमारी टीम की जीत हुई थी। ..............................

(घ) उसकी बात पूरी तरह सत्य है। ..............................

14

# शब्द-समूह के लिए एक शब्द
## One Word for Many

भाषा को सुन्दर और छोटा बनाने के लिए कई बार अनेक शब्दों के स्थान पर एक ही शब्द का प्रयोग किया जाता है; जैसे—



रामदीन लकड़ी का सामान बनाने वाला है।
रामदीन बढ़ई है।



जयचन्द खेती करने वाला है।
जयचन्द किसान है।



मलय चित्र बनाने वाला है।
मलय चित्रकार है।

नीचे कुछ उदाहरण दिए गए हैं, इन्हें पढ़िए और याद कीजिए—

| शब्द-समूह | एक शब्द |
|---|---|
| 1. जिसका मूल्य न आँका जा सके | अमूल्य |
| 2. जो काम से जी चुराता हो | कामचोर |
| 3. जो खूब मेहनत करता हो | मेहनती |
| 4. जो लालच करता हो | लालची |
| 5. सत्य बोलने वाला | सत्यवादी |
| 6. जो साथ में पढ़ता हो | सहपाठी |
| 7. परीक्षा देने वाला | परीक्षार्थी |
| 8. परीक्षा लेने वाला | परीक्षक |
| 9. जो प्रतिदिन होता हो | दैनिक |
| 10. जो सप्ताह में एक बार होता हो | साप्ताहिक |
| 11. जो महीने में एक बार होता हो | मासिक |
| 12. जो वर्ष में एक बार होता हो | वार्षिक |
| 13. आकाश में उड़ने वाला | नभचर |
| 14. कपड़े सीने वाला | दरजी |
| 15. मिट्टी के बरतन बनाने वाला | कुम्हार |
| 16. लोहे से चीज़ें बनाने वाला | लुहार |
| 17. सोने-चाँदी के गहने बनाने वाला | सुनार |



## कुछ करके सीखें

1. चित्र और काम के अनुसार एक-एक शब्द लिखिए—



जो पत्र बाँटता है

..............................



जो बीमार का इलाज करता है

..............................



जो कपड़े धोता है

..............................

2. दिए गए शब्द-समूह के लिए उचित शब्द पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) जो पढ़ाता हो | (i) अध्यापक ☐ | (ii) डाकिया ☐ | (iii) सैनिक ☐ |
| (ख) जो खेती करता हो | (i) किसान ☐ | (ii) चित्रकार ☐ | (iii) चौकीदार ☐ |
| (ग) सत्य बोलने वाला | (i) लालची ☐ | (ii) सत्यवादी ☐ | (iii) सहपाठी ☐ |
| (घ) परीक्षा देने वाला | (i) परीक्षक ☐ | (ii) परीक्षार्थी ☐ | (iii) लुहार ☐ |

3. केवल एक शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए—

(क) सोहन मिट्टी के बरतन बनाता है, वह .............................. है।

(ख) रामू बगीचे की देखभाल करता है, वह .............................. है।

(ग) सुभाष सेना में काम करता है, वह .............................. है।

(घ) तुलाराम जूते ठीक करता है, वह .............................. है।

4. सही मिलान कीजिए—



(i) जो पक्षियों का घर हो।



(ii) जो सेना में है।

(क) चित्रकार


(ख) दरजी

(ग) सैनिक

(घ) घोंसला



(iii) जो कपड़े सिलता है।





(iv) जो चित्र बनाता है।

1. नीचे दिए चित्रों का उनके नाम से मिलान कीजिए—



राजा    आँख    शेर    जाल    चूहा    दाँत    शिकारी

चित्र के स्थान पर उसका नाम पढ़कर कहानी कहिए—

एक जंगल था, जहाँ एक  रहता था। वह वहाँ का  था। एक दिन  सो रहा था। तभी एक  ने उस पर  फेंक दिया और उसे  में फँसा लिया। जब  की  खुली तो वह बहुत परेशान हुआ और  से खुद को बाहर निकालने की कोशिश करने लगा, लेकिन वह बाहर नहीं निकल सका। तब एक छोटे-से  ने आकर उसकी मदद की और अपने पैने  से  को काट दिया। इस प्रकार,  

**सन्देश**—हमें मुसीबत में फँसे लोगों की हमेशा मदद करनी चाहिए।

2. नीचे दिए चित्रों के नाम पढ़िए, फिर नाम के आधार पर कहानी कहिए—



नदी बन्दर पेड़ मगरमच्छ घर कलेजा


एक  थी। उस  के किनारे एक  रहता था। वहाँ पर जामुन का एक  था।  जामुन खाता और उछल-कूद करता रहता था। एक बार उसकी दोस्ती  में रहने वाले  से हो गई।  उस  की पीठ पर बैठकर  की सैर करता।  बदले में  को मीठे जामुन खिलाता और उसकी पत्नी के लिए भी जामुन भेजता। जामुन खाकर  की पत्नी की इच्छा  का  खाने की हुई। उसने  से कहकर  को  बुलाया।  जाते समय  ने  को सच बता दिया कि उसकी पत्नी  का  खाना चाहती है। यह बात सुनकर   की चाल समझ गया और उसने  से कहा, "भैया! मैं तो अपना  उस  पर ही छोड़ आया हूँ। इसलिए जल्दी से मुझे  पर ले चलो।"

 की बात सुनकर  उस  की तरफ़ मुड़ गया। जैसे ही  जामुन के  के पास पहुँचा,  उछलकर  पर चढ़ गया।

**सन्देश**—हमें धोखेबाज़ लोगों से दोस्ती नहीं करनी चाहिए।

## कुत्ता और रोटी

नीचे दिए चित्रों को देखकर कहानी कहिए—



**सन्देश**—लालच बुरी बला है।

**याद रखिए**


बच्चों को चित्रों की सहायता से यह कहानी पूरी करने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। फिर कुत्ते ने क्या भूल की, इस पर रोचक प्रश्न पूछते हुए बातचीत कीजिए।

17


# लेखन-कार्य : पत्र-लेखन
## Letter Writing

पत्र सन्देश भेजने का साधन माना जाता है। पत्र लिखित भाषा का एक रूप है, जिसके द्वारा हम दूर बैठे अपने मित्रों तथा सम्बन्धियों और विद्यालय के प्रधानाचार्य तक अपनी बात पहुँचा सकते हैं।

पत्र लिखते समय इन बातों का ध्यान रखें—




- पूरा पत्र बाईं तरफ़ से ही शुरू होगा
- सबसे ऊपर अपना पता
- फिर पत्र लिखने की तारीख
- जिसे पत्र लिख रहे हैं, उसके लिए सम्बोधन व अभिवादन
- पत्र में जो कुछ कहना है, वह बात
- अन्त में पत्र पाने वाले के साथ अपना सम्बन्ध व नाम
- पत्र के लिफ़ाफ़े पर पाने वाले का नाम और पता (पिन कोड सहित)
- पत्र की सरल और स्पष्ट भाषा।




### पत्रों के भेद (Kinds of Letters)

पत्र दो प्रकार के होते हैं—1. व्यक्तिगत तथा 2. औपचारिक।

1. व्यक्तिगत पत्र—अपने मित्रों, सम्बन्धियों और परिवार वालों को लिखे जाते हैं।

2. औपचारिक पत्र—अधिकारी, प्रधानाचार्य आदि को लिखे जाते हैं।

### 1. व्यक्तिगत पत्र : मित्र के जन्मदिन पर उसे बधाई-पत्र

............................................

............................................

............................................

............................................



प्रिय मित्र राहुल,

स्नेह! मैं और मेरे माता-पिता सभी सकुशल हैं। आशा है तुम भी कुशलपूर्वक होगे। मित्र 29 मार्च को तुम्हारा जन्मदिन है। उसके लिए मेरी और मेरे माता-पिता की ओर से तुम्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ।

मैं एक छोटा-सा उपहार तुम्हारे जन्मदिन पर भेज रहा हूँ। आशा है तुम्हें अवश्य पसन्द आएगा। बड़ों को मेरा प्रणाम और सन्नी को प्यार। पत्र का उत्तर देना न भूलना।

तुम्हारा मित्र

.........................................

## 2. औपचारिक पत्र : दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र

सेवा में,

प्रधानाचार्य जी

.........................................

.........................................

.........................................



**विषय:** अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मुझे कल रात से बुखार आ गया है। डॉक्टर ने मुझे दो दिन आराम करने के लिए कहा है।

अतः मैं दो दिन विद्यालय आने में असमर्थ हूँ। कृपया मुझे दिनांक ......................................... से ......................................... तक दो दिन का अवकाश प्रदान करें।

आपका आज्ञाकारी शिष्य

.........................................

कक्षा—एक 'ब'



## कुछ करके सीखें

1. अपने भाई को पत्र लिखकर बताइए कि आपको चित्रकला में प्रथम पुरस्कार मिला है।
2. आपने गर्मियों की छुट्टियाँ कैसे बिताईं? यह बताते हुए अपने/अपनी मित्र को पत्र लिखिए।
3. अपने दोस्त को परीक्षा में उसकी सफलता पर बधाई-पत्र लिखिए।
4. अवकाश के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

# निबन्ध लेखन
## Essay Writing


किसी विषय पर विचारों को सरल और प्रभावशाली रूप से प्रकट करने वाली रचना 'निबन्ध' कहलाती है।

### I मेरा घर




1. यह मेरा घर है।
2. यह बहुत सुन्दर है।
3. यह यमुना विहार, दिल्ली में स्थित है।
4. यह खुला और हवादार है।
5. इसमें मैं, मेरी बहन और हमारे मम्मी-पापा रहते हैं।
6. मुझे अपना घर बहुत प्यारा लगता है।


### II मेरा शहर



1. मैं दिल्ली में रहती हूँ।
2. यह हमारे देश की राजधानी है।
3. यह यमुना नदी के किनारे पर स्थित है।
4. यहाँ बहुत-सी पुरानी इमारतें हैं, जिनमें लाल किला, जामा मस्जिद, इंडिया गेट, कुतुबमीनार, जंतर-मंतर, संसद भवन, पुराना किला प्रसिद्ध हैं।
5. दिल्ली को 'भारत का दिल' भी कहते हैं।
6. मैं अपने शहर से बहुत प्यार करती हूँ।

## कुछ करके सीखें

# मेरी कक्षा




1. खाली स्थान भरकर अपनी कक्षा के बारे में लिखिए—

(क) मेरी कक्षा में ........................................................ बच्चे हैं।

(ख) मेरी टीचर का नाम ........................................................ है।

(ग) मेरी कक्षा में दो ........................................................ हैं।

(घ) मेरे साथ ........................................................ बैठता/बैठती है।

(ङ) मेरी कक्षा बहुत ........................................................ है।

2. नीचे लिखे विषयों पर 5-6 वाक्यों में निबन्ध लिखिए—

(क) मेरा स्कूल
(ख) गाय
(ग) हमारा प्रमुख त्योहार
(घ) हमारा गाँव या शहर

# PERIODIC TEST : Term 1

(अध्याय 1 से 5 पर आधारित)

समय : ................

पूर्णांक : ................

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(क) स्वरों को सही क्रम में लगाइए—

उ आ ई औ ए ऊ इ अ ऋ ओ ऐ

........................................................................................................


(ख) चित्र पहचानकर सही व्यंजन से शब्द पूरे कीजिए—



1. म...... ली



2. छ...... री




3. जहा......



4. ...... माटर

(ग) चित्रों को देखकर मात्रा पूरी कीजिए—



सरज



गलाब



...... थला



म...... र

(घ) शब्दों के शुद्ध रूपों को छाँटकर सामने लिखिए—

| शब्द | शुद्ध रूप | शब्द | शुद्ध रूप |
|---|---|---|---|
| रश्मि, रशिम | .................. | वृद्ध, व्रद्ध | .................. |
| बहूत, बहुत | .................. | कृषक, क्रिषक | .................. |
| रमेश, रमेष | .................. | कीमती, किमती | .................. |

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के वर्णों को अलग-अलग करके लिखिए—

हिरन — ........................................................................

कलम — ........................................................................

गाय — ........................................................................

गुलाब — ........................................................................

# HALF-YEARLY Test Paper

(अध्याय 1 से 9 पर आधारित)

समय : ................

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

पूर्णांक : ................

**( क ) चित्र देखकर भाषा के रूप लिखिए—**








1. ..............................  2. ..............................  3. ..............................

**( ख ) मात्राएँ ठीक करके शब्दों को दोबारा लिखिए—**









खरगौश [ ]  फुल [ ]  हीरन [ ]  व्रक्ष [ ]

**( ग ) सही मिलान कीजिए—**


| | |
|---|---|
| 1. घोड़ा | (i) खिलौने |
| 2. पुस्तक | (ii) लड़कियाँ |
| 3. खिलौना | (iii) घोड़े |
| 4. तितली | (iv) पुस्तकें |
| 5. लड़की | (v) तितलियाँ |


**( घ ) दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए—**

शब्द, वर्णों, बहुवचन, संज्ञा

1. नाम वाले शब्द ...................... कहलाते हैं।
2. अनेक वस्तुओं को ...................... कहते हैं।
3. वर्णों के सार्थक मेल को ...................... कहते हैं।
4. वर्णमाला के ...................... को मिलाकर शब्द बनाए जाते हैं।

**(ङ) दिए गए चित्रों के नाम लिखिए—**






................................ ................................ ................................ ................................

**(च) दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शेर | — | ................................ | मोर | — | ................................ |
| मुरगा | — | ................................ | राजा | — | ................................ |
| बैल | — | ................................ | दादा | — | ................................ |

**(छ) निम्नलिखित इन शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए—**

1. मैं रहा हूँ जा घर। ................................
2. पढ़ हैं रहे बच्चे। ................................
3. बच्चे उड़ा रहे पतंग हैं। ................................
4. खेल रहा सचिन है। ................................

**(ज) निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए—**


क + बू + त + र — ................................


गु + ला + ब — ................................


चि + ड़ि + या — ................................

सा + इ + कि + ल — ................................

**(झ) दिए गए चित्रों के नीचे एक या अनेक ( वचन ) लिखिए—**







................................ ................................ ................................ ................................

(अध्याय 1 से 14 पर आधारित)

नोट—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

समय : ..................

पूर्णांक : ..................

**(क) स्वर का उसकी मात्रा तक मिलान कीजिए—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ई | ऊ | ओ | ऋ | औ | ऐ |
| ू | ो | ै | ृ | ा | ौ | ी |

**(ख) निम्नलिखित संख्याओं को शब्दों में लिखिए—**

10 ..............................
32 ..............................
29 ..............................
64 ..............................
21 ..............................
86 ..............................
14 ..............................
25 ..............................
35 ..............................

**(ग) समान अर्थ वाले शब्दों पर सही (✓) का चिह्न लगाइए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. आँख | — | नयन | ◯ | नभ | ◯ |
| 2. दिन | — | पावक | ◯ | दिवस | ◯ |
| 3. राजा | — | नरेश | ◯ | महेश | ◯ |
| 4. मित्र | — | साथी | ◯ | शिक्षक | ◯ |


**(घ) निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द से मिलान कीजिए—**


| | |
|---|---|
| 1. हार | (i) बुरा |
| 2. अच्छा | (ii) रात |
| 3. छोटा | (iii) जीत |
| 4. दिन | (iv) बड़ा |

**(ङ) दिए गए चित्रों के नाम लिखिए—**


..............................


..............................


..............................


..............................

# ANNUAL Test Paper

समय : ...............

पूर्णांक : ...............

नोट-सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## (क) सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए—

1. पत्र बाँटने वाला — (i) डाकिया ⬭ (ii) सैनिक ⬭
2. खेती करने वाला — (i) लुहार ⬭ (ii) किसान ⬭
3. साथ पढ़ने वाला — (i) सहपाठी ⬭ (ii) परीक्षक ⬭
4. प्रतिदिन होने वाला — (i) दैनिक ⬭ (ii) मासिक ⬭
5. लालच करने वाला — (i) मेहनती ⬭ (ii) लालची ⬭

## (ख) दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए—

धोबी — ...............................

बालक — ...............................

अध्यापक — ...............................

हिरन — ...............................

चूहा — ...............................

नौकर — ...............................

लड़का — ...............................

हाथी — ...............................

## (ग) दिए गए शब्दों से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए—

| सुत | वनराज | शैल | धरा |
|---|---|---|---|

1. शेर को ........................ भी कहा जाता है।
2. ........................ को पृथ्वी भी कहते हैं।
3. पुत्र और ........................ , दोनों का अर्थ एक ही है।
4. ........................ और पर्वत में कोई भेद नहीं है।

## (घ) सही मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| 1. झण्डा | (i) गुब्बारे |
| 2. सन्तरा | (ii) झण्डे |
| 3. गुब्बारा | (iii) गाड़ियाँ |
| 4. गाड़ी | (iv) सन्तरे |

(ङ) उलटे अर्थ बताने वाले शब्द लिखिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| अन्दर | ............................ | ऊपर | ............................ |
| रात | ............................ | मित्र | ............................ |
| रोना | ............................ | आगे | ............................ |

(च) नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए—

1. उसे घूमना अच्छा लगता है।
2. वह गीत गा रही है।
3. निकिता उसे पढ़ाएगी।
4. तुम सुबह जल्दी उठा करो।
5. हम सब मिलकर खेलते हैं।

(छ) कौन-कैसा होता है? इनके रंग लिखिए—


| | | | |
|---|---|---|---|
| कौआ — | ............................ | कोयला — | ............................ |
| तोता — | ............................ | सेब — | ............................ |
| अनार — | ............................ | पत्ता — | ............................ |
| केला — | ............................ | पपीता — | ............................ |

पीला
काला
हरा
लाल

(ज) क्रिया शब्दों पर गोल घेरा (◯) लगाइए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाना | सुन्दर | नाव | चलना |
| खेलना | देखना | धरती | साँप |
| काला | पीना | मीना | रोना |
| नाचना | लाल | मारना | जागना |

(झ) दिए गए चित्रों के नाम लिखिए—






............................ ............................ ............................ ............................